आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–29 मार्च 2026 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से अपने विचारों को साझा किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति ने भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए चुनौती उत्पन्न कर दी है।

जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है। वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध अलगदृअलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ बना है। इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने भरोसा दिलाया कि कोविड महामारी की तरह ही देश इस मुश्किल हालात से सफलता से बाहर निकल जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि माई भारत, राष्ट्र–निर्माण की जिम्मेदारी को पूरा करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है।

माय भारत द्वारा बजट क्वेस्ज का आयोजन किया गया। इसका मकसद था, देश भर के युवाओं को बजट प्रक्रिया और नीति निर्माण से जोड़ना। इससे जुड़ी क्विज में देश भर से करीब 12 लाख युवाओं ने हिस्सा लिया है। इनसे पता चलता है कि मेरे युवा साथी देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए कितना तत्पर है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की महान संस्कृति और विरासत को दिखाने के लिए लोगों की भागीदारी की भावना को दिखाने वाले ज्ञान भारतम सर्वे पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारी महान संस्कृति और समृद्धि विरासत से है। इसका उद्देश्य देशभर में मौजूद पांडुलिपियों के बारे में जानकारी जमा करना है। इस सर्वे से जुड़ने का एक माध्यम भारतम् ऐप है। प्रधानमंत्री ने अपने सम्बोधन में काशी में एक घंटे के दौरान दो लाख इक्यावन हजार पौधे लगाने के रिकॉर्ड को सराहा। उन्होंने कहा कि यह इस बात का प्रमाण है कि लोग साथ मिलकर कार्य करें तो हर कार्य सम्भव है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में टी 20 विश्व कप में भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत पर गर्व प्रकट किया। देश के कई हिस्सों में शुरू हुयी गर्मी की चर्चा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि अब पानी बचाने के लिए फिर से प्रतिबद्ध होने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार मछुआरों की जिंदगी आसान बनाने के लिए कदम उठा रही है।

****

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाणिज्यिक उड़ानें अगले पैंतालीस से साठ दिन के भीतर शुरू होने की संभावना है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बताया कि हवाईअड्डे को चालू करने की तैयारियां जारी हैं और सुरक्षा तथा अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल इस हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था। इस हवाई अड्डे की क्षमता शुरुआत में प्रति वर्ष एक करोड़ बीस लाख यात्रियों की होगी।

****

केन्द्र सरकार ने कहा कि देश भर के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। एक वक्तव्य में सरकार ने बताया कि एक दिन पूर्व देश में चौवन लाख से अधिक एलपीजी रिफिल वितरित किए गए। सभी तेल शोधक कारखाने उच्च क्षमता पर काम कर रहे हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा जा रहा है।

****

नेपाल की नई सरकार ने घोषणा की है कि वह उन्नीस सौ नब्बे से दो हजार छब्बीस तक सार्वजनिक पदों पर रहे नेताओं और उच्च पदस्थ अधिकारियों की संपत्तियों की जांच के लिए एक समिति का गठन करेगी। प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के नेतृत्व वाली सरकार ने कल जारी किए सौ सूत्रीय शासन सुधार एजेंडा में कहा कि पन्द्रह दिन के भीतर एक संपत्ति जांच समिति का गठन किया जाएगा।

****

विश्व छात्र एवं युवा संगठन की ओर से आज कुशीनगर जिले में विश्व शान्ति संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए बसुधैव कुटुम्बकम की भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में यह सिद्धान्त और भी प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार मानकर आपसी सहयोग, सहिष्णुता और सार्थक संवाद के माध्यम से ही विश्व में स्थायी शान्ति की सम्भावना सम्भव है। इस कार्यक्रम में छब्बीस देशों के एक सौ अस्सी से अधिक छात्र प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

****

मसीही समाज प्रदेश में आज पाम संडे का पर्व श्रद्धापूर्वक मना रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के लगभग सभी गिरजा घरों में विशेष प्रार्थना सभायें आयोजित की गयी हैं। यह पर्व पवित्र सप्ताह की शुरुआत का प्रतीक है। पाम संडे, ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने से पहले यरूशलेम में उनके प्रवेश की स्मृति में मनाया जाता है। पाम संडे से ईस्टर के उत्सव आरंभ होते हैं जो गुड फ्राइडे और ईस्टर संडे तक चलते हैं।

****